भाकृअनुप- राष्ट्रीय पशुरोग जानपदिक एवं सूचना विज्ञान संस्थान
ICAR- National Institute of Veterinary Epidemiology and Disease Informatics
पोस्ट बॉक्स 6450, यलहंका, बेंगलुरु 560064, कर्नाटक

ब्रूसेलोसिस

ब्रूसेलोसिस गाय, भैंस, भेड़, बकरी, शूकर, श्वान, ऊंट और घोड़ों मे ब्रूसेला जाति के जीवाणुओं से होने वाला एक संक्रामक रोग है। संक्रमित पशुओं और वस्तुओं से यह मनुष्यो मे भी फैल सकता है। पशु चिकित्सकों, पशु, भेड़ और बकरीयो पालको, कसाई एवं मास विक्रेता आदि के ब्रूसेल्ला से संक्रमित होने की संभावना अधिक होती है।

पशुओं में रोग का प्रसार

- संदूषित चारे एवं पानी के सेवन से
- आँखों एवं त्वचा के ब्रूसेला जीवाणु के संपर्क मे आने से
- संक्रमित वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान करने पर
- संक्रमित सांड से प्रजनन करने से

पशुओं में रोग के लक्षण

- यौन अंगो से सफेद स्राव का आना
- गर्भवती पशुओं मे गर्भकाल के अंतिम तिमाही मे गर्भपात होना
- गर्भपात के बाद खेड़ी का गर्भाशय से बाहर न आना
- जोड़ो मे सूजन व दर्द होना

रोग का नियंत्रण

- नजदीकी पशु प्रयोगशाला में साल मे एक बार स्वस्थ पशुओं की इस रोग की जांच करवाना चाहिए
- ब्रूसेला मुक्त प्रमाणित वीर्य से ही कृत्रिम गर्भाधान करना चाहिए
- गर्भपात होने पर भ्रूण, मांस, स्राव आदि को बेड़ों से दूर ले जाकर जलाना या गाड़ देना चाहिए
- गोशाला एवं गर्भपात हुई जगह को विसंक्रामकों से स्वच्छ करना चाहिए
- रोग मुक्त बेड़ों से ही पशुओं को खरीदना चाहिए
- ब्रूसेलोसिस के संदेह होने पर दूध एवं खून की जांच करवाना चाहिए अथवा साल मे दो बार दूध का ब्रूसेला परीक्षण करवाना चाहिए

टीकाकरण

- 4 से 8 महीने के मादा बछड़ो को ब्रूसेलोसिस का टीका लगाए
- एक बार का टीकाकरण पशुओ को 3 से 5 वर्ष तक रोग प्रतिरोधक क्षमता देने के लिये पर्याप्त होता है।
- **अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करे**

टीकाकरण कराते समय ध्यान देने वाली बाते

- नर बछड़ो का टीकाकरण नहीं करवाना चाहिए
- गर्भवती गाय एवं भैंसो को टीका नहीं लगवाना चाहिए क्योकि इससे गर्भपात होने की संभावना होती है
- टीकाकरण करनेवाले व्यक्ति तथा टीके के संपर्क पर आनेवाले लोगो को अधिक से अधिक सावधानी बरतनी चाहिए।

*****

संकलित और संपादित

डॉ. राजेश्वरी सोम, डॉ. अवधेश प्रजापति, डॉ. योगीशराध्या आर., डॉ. एम. नागालिंगम, डॉ. जी. एस. देसाई, डॉ. जी. गोविन्दराज

प्रकाशक
निदेशक
भाकृअनुप- राष्ट्रीय पशुरोग जानपदिक एवं सूचना विज्ञान संस्थान, पोस्ट बॉक्स-6450, यलहंका, बेंगलुरु-560064, कर्नाटक
फोन: 080-23093110, 23093111 फैक्स: 080- 23093222, वेबसाईट: www.nivedi.res.in, ईमेल: director.nivedi@icar.gov.in
2016